## कार्यालय जिला पंचायत, कौशाम्बी।
## अल्पकालिक निविदा सूचना

पत्रांकः 5617 /निविदा/जि0पं0कौ0/2026–27 दिनांक 14 मई, 2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0 ओ0 सी0एल0 मथुरा रिफाइनरी से जिला पंचायत कौशाम्बी के मंझनपुर मुख्यालय तक विटुमिन वी0जी0–10 की ढुलाई का कार्य हेतु कार्यालय पत्र संख्या 5521/निविदा/जि0पं0कौ0/2026–27 दिनांक 18.04.2026 के द्वारा दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान में प्रकाशित कराया गया था, जिसमें कोई बिड प्राप्त न होने के कारण पुनः ई–निविदा आनलाईन पोर्टल **https:// etender.up.nic.in** के माध्यम से 25.05.2026 अपराह्न 02.00 बजे तक आंमत्रित किया जाता है। दिनांक 25.05.2026 अपरान्ह् 02.00 बजे तक या उससे पूर्व ई–टेण्डरिंग पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर विड को अपलोड किया जा सकता है तथा प्राप्त आनलाईन टेक्निकल विड निविदा समिति के समक्ष दिनांक 25.05.2026 को अपरान्ह् 02:30 बजे खोली जायेगी। ई–निविदा से सम्बन्धित शेष शर्ते पूर्वत् है, जिसका विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर **https:// etender.up.nic.in** अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| **अभियन्ता** | **अपर मुख्य अधिकारी** | **अध्यक्ष** |
| **जिला पंचायत कौशाम्बी** | **जिला पंचायत कौशाम्बी** | **जिला पंचायत कौशाम्बी** |

पृ0सं0: 5617/निविदा/जि0पं0कौ0/2026–27 दिनांक 14 मई, 2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मा0 अध्यक्ष महोदया, जिला पंचायत, कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
4– वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत, कौशाम्बी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निविदा सूचना की संलग्न साफ्ट कापी को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6–कम्प्यूटर आपरेटर, जिला पंचात, कौशाम्बी को कार्यालय जिला पंचायत कौशाम्बी की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7– कायोलय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत कौशाम्बी।**

# शपथ– पत्र

समक्षः– श्रीमान् अपर मुख्य अधिकारी,

जिला पंचायत, कौशाम्बी।

| नोटरी से प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा किया जाये। |
|---|

मैं (फर्म का नाम लिखें).......................................................शपथकर्ता श्री.......................................................................

पुत्र श्री .........................................निवासी..................................................................................का निवासी हूँ मैं शपथपूर्वक निम्न घोषणा करती हूँ/करता हूँः–

1. मैं जिला पंचायत/लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग का पंजीकृत ठेकेदार हूँ। मैं आपके विभाग के कार्यो को पूर्ण करने में सक्षम हूँ। मुझे कार्यो का पर्याप्त अनुभव है।
2. जिला पंचायत, कौशाम्बी द्वारा जो (कार्य का नाम लिख जाये)........................................................................................कराने की ई–निविदा/निविदा आमंत्रित की गयी है उसके लिए मैं ई–टेण्डर पोर्टल https://Etender.up.nic.in पर निविदा सबमिट कर रही हूँ/रहा हूँ।
3. मेरे द्वारा दिये जा रहे प्रमाण पत्रः– निविदा शुल्क की पावती रसीद/धरोहर राशि की पावती रसीद/हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/विभागीय ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण पत्र (वर्ष ..................) ऑनलाइन/ऑफलाइन सबमिट कर दिये गये है।
4. मेरा पैन नम्बर........................................जी0एस0टी0 नम्बर..............................................
5. मेरे विरूद्ध अपराधिक मुकदमों का विवरण निम्न प्रकार हैः–यहाँ पूरा विवरण दिया जाये
   1. मुकदमा नम्बर :
   2. धारायें :
   3. थाना :
   4. जनपद :
   5. न्यायालय (जहाँ मुकदमा चल रहा है) :
6. मैं जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार के अन्य विभागों द्वारा ब्लैक लिस्टेट ठेकेदार की श्रेणी में नहीं आता हूँ। मैं अपराधिक गतिविधियों, माफिया तथा गैंगस्टर गतिविधियों और संगठित अपराध करने की गतिविधियों और असामाजिक कार्यो आदि में लिप्त नहीं हूँ। मैं माफिया और अपराधी नहीं हूँ। मेरा चाल–चलन, कार्य तथा आचरण उत्तम है।
7. मेरे विरूद्ध जनपद में तथा प्रदेश में कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है।
8. यदि ठेका प्राप्त करने के पश्चात् मेरे विरूद्ध माफिया गतिविधियें/असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के वारे में कोई शिकायत प्रमाणित पायी जाती है तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरा ठेका/अनुबन्ध निरस्त कर दें। इस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मेरे द्वारा यदि विभाग/राज्य सरकार के विरूद्ध कोई अपराधिक कृत्य

किया जाता है अथवा सरकारी धन का गबन किया जाता है तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरे खिलाफ अपराधिक मुकदमा नियमों के अन्तर्गत दर्ज करायेंगे।

9. मैं अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार समय से पूरी गुणवत्ता के साथ तथा निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूरा करूंगी/करूँगा और विभाग को पूरा सहयोग प्रदान करूगी/करूगा।

10. मेरा कार्य एवं आचरण उत्तम है।

11. मैं शतथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरा स्थाई पता और अस्थाई पता निम्न प्रकार है:–

(अ) स्थायी पता (दूरभाष सहित) ..........................................................................................

(ब) अस्थायी पता (दूरभाष सहित) ........................................................................................

(यहॉ पूरा पता दूरभाष सहित एवं पिनकोड लिखा जाय)

12. मैं शपथपूर्वक घोषण करती हूँ/करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर रहती हूँ/रहता हूँ तथा विभाग द्वारा प्रदान किये गये कार्य को पूरा होने तक मेरे किसी पते में सामान्यतः कोई परिवर्तन नहीं होग। यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में किसी पते में परिवर्तन होता है तो सूचना मैं तत्काल अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी और जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर को दूँगी/दूँगा।

13. मैं यह घोषणा करता हूँ कि जिला पंचायत, कौशाम्बी के जिस कार्य के लिए मेरे द्वारा न्यूनतम होने के दशा में ठेका जायेगा उसके सापेक्ष चल एवं अचल सम्पत्ति का हैसियत प्रमाण–पत्र जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्ट्रेट जनपद....................................द्वारा प्राप्त की छायाप्रति संलग्न की जायेगी।

14. मैं अपनी पूर्ण जानकारी में पूरे होशो–हवाश में, स्वस्थचित्त से, पूरी सत्यनिष्ठा से तथा स्वेच्छा से यह शपथ पत्र लिखकर दे रहीं हूँ/रहा हूँ। ईश्वर/अल्हाह मेरे मदद करे।

दिनांक.......................................

शपथी का पूरा हस्ताक्षर

पूरा नाम.................................................

पता.........................................................

नोटः– 1. यह स्वघोषणा शपथ– पत्र रू0 100/–(रू0 एक सौ) के भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर नोटरी द्वारा साक्ष्यों की उपस्थिति में सत्यापित कराते हुए दिया जायेगा।

2. असत्य शपथ–पत्र देना एक संगीन और अज्ञेय अपराध है।

3. सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा पासपोर्ट साइज का अपना फोटोग्राफ, जो शपथ पत्र के ऊपर निर्धारित स्थान पर चस्पा करते हुए नोटरी से प्रमाणित करना होगा।

# कार्यालय जिला पंचायत, कौशाम्बी।

## ई–निविदा सूचना

पत्रांक 5520/निविदा/जि0पं0कौ0/2026–27 दिनांक 18/04/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में बिटुमिन वी0जी0–10 की ढुलाई आई0ओ0सी0एल0 मथुरा रिफाइनरी से जिला पंचायत कौशाम्बी के मंझनपुर मुख्यालय में की जानी है, जिसके लिए निविदा प्रपत्र वेबसाईट **https:// etender.up.nic.in** पर दिनांक 20.04.2026 से 11.05.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। दिनांक 11.05.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक या उससे पूर्व ई–टेण्डरिंग पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर बिड को अपलोड किया जा सकता है तथा प्राप्त आनलाईन टेक्निकल बिड निविदा समिति के समक्ष दिनांक 11.05.2026 को अपरान्ह 02:30 बजे खोली जायेगी। टेक्निकल बिड वैध होने पर ही फाइनेंशियल बिड पर विचार किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य शिड्यूल्ड बैंक के डी0डी0, जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी के पक्ष में देय होगा, के रूप में भुगतान करना होगा अथवा जिलानिधि के खाता संख्या 593202010005924 (यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा–मंझनपुर) में नगद जमा किया जा सकता है। निविदा के साथ **अग्रिम धरोहर धनराशि** 100000.00 रू0 जो कि टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/जिलानिधि में जमा धनराशि के रूप में होगा तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी के पक्ष में बंधक होगा। निविदादाता अग्रिम धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र के मूल्य से सम्बन्धित मूल अभिलेख एवं स्वघोषित शपथ पत्र की मूल प्रति दिनांक 11.05.2026 को अपरान्ह 02:30 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत कौशाम्बी में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ढुलाई की आगणित दर (रू0प्रति एम0 टी0) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आई0 ओ0 सी0एल0 मथुरा रिफाइनरी से जिला पंचायत कौशाम्बी के मंझनपुर मुख्यालय तक बिटुमिन वी0जी0–10 की ढुलाई का कार्य। | 2460.00 | 1,00,000.00 | 1180.00 | आदेश तिथि से 15 कार्य दिवस |

नोट– **निविदादाता को निविदा के साथ वांछित पठनीय अभिलेख स्कैन कर अनलाइन पोर्टल https:// etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा जिसके आधार पर निविदा का तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा।**

1:–बिड की वैधता बिड सबमिशन तिथि से तीन माह तक होगी।

2:–टेक्निकल एवं फाइनैन्सियल बिड को पृथक पृथक अपलोड करना होगा एवं फाइनेंशियल बिड के बी0ओ0क्यू0 में दर रू0 प्रति एम0टी0 में होगा।

3:–टेक्निकल बिड में निविदा प्रपत्र के मुल्य से सम्बन्धित अभिलेख, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, अग्रिम धरोहर धनराशि, ट्रान्सपोर्टर का फोटो युक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड),निर्धारित प्रारूप पर स्वघोषित शपथ पत्र, श्रम विभाग से निर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र, फर्म का जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र तथा 1000.00 एम0टी0 पैक्ड बिटुमिन ढुलाई का अनुभव प्रमाण पत्र स्कैन कर ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है।

4:–आनलाईन सबमिशन में किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए जिला पंचायत कौशाम्बी उत्तरदायी नहीं होगा।

5:– जिला पंचायत निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार किसी भी निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।

6:– निविदा स्वीकृति के उपरान्त तीन दिन के अन्दर अनुबन्ध कराना होगा।

7:–नियमानुसार अनुमन्य जी0एस0टी0 का भुगतान पृथक से किया जायेगा।

8:–आपराधिक रिकार्ड के निविदादाता का निविदा में प्रतिभाग करना प्रतिबंधित है।

9:–बिटुमिन ढुलाई कार्य का अनुबन्ध 31 मार्च 2027 तक अनुमन्य होगा।

10:–निविदादाता से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख दिनांक 11.05.2026 को वैध होना चाहिए।

11:–आवश्यकतानुसार निर्धारित मात्रा के बिटुमिन ढुलाई हेतु कार्यादेश कार्यालय से निर्गत किया जायेगा। आदेश निर्गत होने के उपरान्त 15 कार्य दिवस में बिटुमिन ढुलाई कार्य पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा।

| | | |
|---|---|---|
| (अरुण प्रताप भारती)<br>अभियन्ता<br>जिला पंचायत कौशाम्बी | (कमलेश सिंह)<br>अपर मुख्य अधिकारी<br>जिला पंचायत कौशाम्बी | (कल्पना सोनकर)<br>अध्यक्ष<br>जिला पंचायत कौशाम्बी |

पृ0सं0 5520/निविदा/जि0पं0कौ0/2026–27 दिनांक 18/04/2026

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कौशाम्बी।

3– वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत, कौशाम्बी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

4– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निविदा सूचना की संलग्न साफ्ट कापी को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

5– कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत कौशाम्बी।

Signature Not Verified
Digitally signed by KAMLESH SINGH
Date: 2026.05.16 13:58:33 IST
Location: Uttar Pradesh-UP